आ जाओ सांवरिया दिल ने पुकारा भजन लिरिक्स

आ जाओ सांवरिया दिल ने पुकारा,
दिल ने पुकारा बाबा दिल से पुकारा,
आ जाओं सांवरिया दिल ने पुकारा।bd।

आ जाओ बाब तेरा लाड़ हम लड़ाएंगे,
पलकों के पालने में झूला झुलाएंगे,
खुशबू से महकेगा आँगन हमारा,
आ जाओं सांवरिया दिल ने पुकारा।bd।

छोटा सा दिल का कमरा सूना पड़ा है,
कमरे में तेरे रंग का आइना जड़ा है,
आईने में देखूं मुखड़ा तुम्हारा,
आ जाओं सांवरिया दिल ने पुकारा।bd।

अर्ज़ी हमारी बाबा मर्ज़ी तुम्हारी,
आ जाओ करके बाबा लीले की सवारी,
'मन्नू' दया से चलता सबका गुज़ारा,
तेरी दया से चलता सबका गुज़ारा
आ जाओं सांवरिया दिल ने पुकारा।bd।

आ जाओ सांवरिया दिल ने पुकारा,
दिल ने पुकारा बाबा दिल से पुकारा,
आ जाओं सांवरिया दिल ने पुकारा।bd।

Singer – Raju Singh Anuragi

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com